# राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
राजकीय आरबीएम अस्पताल के पीछे.
डूगवेयर हाउस, भरतपुर

Phone 05644-233090

क्रमांक/M&H/2012–13/ 1987

दिनांक : 7/03/2013

## निविदा सूचना सं0 17/2012–13

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा एवं स्वा0 विभाग के अन्तर्गत भवन निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेलवे इत्यादी में पंजीकृत संवेदकों से चिकित्सा अधिकारी एवं स्टॉफ आवास निर्माण कार्य सीएचसी नादौती जिला करौली लागत 78.00 लाख रूपये के कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई – प्रोक्यूरमेन्ट निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण डीआईपीआर की वैबसाइट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाइट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

# राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
राजकीय आरबीएम अस्पताल के पीछे,
ड्रगवेयर हाउस, भरतपुर

Phone 05644-233090

क्रमांक/M&H/2012-13/ 1987 दिनांक : 1/03/2013

## ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना -17 (2012-2013)

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न स्थानों पर मय तीन साल की दोष निवारण अवधि के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधीकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", ए व बी श्रेणी के संवेदकों के समक्ष हों, से निर्माण कार्या हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं।

| क्रम संख्या | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाखों में | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | ऑन लाईन निविदा खोलने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | करौली | चिकित्सा अधिकारी एवं स्टॉफ आवास निर्माण कार्य सीएचसी नादौती जिला करौली | 78.00 | 1,56,000 | 1000 | 9 माह | अधीक्षण अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जयपुर |

निविदा प्रपत्रों को वेब साईट से http://eproc.rajasthan.gov.inडाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक निविदा को इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा कराऐं।

निविदा हेतु पात्र संवेदकों की श्रेणी :-
किसी भी सीमा तक : एए श्रेणी संवेदक
रूपये 300 लाख तक : ए श्रेणी संवेदक
रूपये 150 लाख तक : बी श्रेणी संवेदक

1. धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दर्शाई गयी कुल अनुमानित लागत की दो प्रतिशत होगी एवं धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य A/c स्टेट हैल्थ सोसायटी, भरतपुर को देय होगी।
2. निविदा प्रपत्रों हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि दिनांक शुक्रवार, 12 मार्च, 2013 समय 9:30 बजे से सोमवार 01, अप्रैल,2013 सांय 5:00 बजे तक होगी।
3. (अ) निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर बुधवार, 03,अप्रैल, 2013 अपरान्ह 2:00 बजे तक अपलोड कराये जा सकते हैं एवं प्राप्त निविदाऐं इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अधीक्षण अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जयपुर के कार्यालय में शुक्रवार, 05, अप्रैल, 2013 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जावेंगी।
   यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाऐं खोली जावेंगी।
   (ब) निविदा जमा करावाने के बाद निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।
   (स) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सारी निविदाऐं नहीं खोली जा सकती हैं तो उसके अगले कार्य दिवस शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।
4. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्रों के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि तथा आर0आई0एस0एल0 के पक्ष में देय शुल्क के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं बिक्री कर चुकता का प्रमाण पत्र की प्रतियां, वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना आवश्यक है।
5. अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर के कार्यालय में संवेदक द्वारा शुक्रवार, 12 मार्च, 2013 समय 9:30 बजे से सोमवार 01, अप्रैल,2013 सांय 5:00 बजे तक निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिये योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता, प्लान, स्पेसीफिकेशन, ड्राइंग, विभिन्न कार्यो की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्ते एवं अन्य विवरण वर्णित है।
6. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक द्वारा अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य A/c स्टेट हैल्थ सोसायटी, भरतपुर के पक्ष में बनाया जायेगा। निविदाता द्वारा निविदा शुल्क धरोहर राशि एवं आर0 आई0एस0एल0 के पक्ष में देय राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के रूप में अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर के कार्यालय में निर्धारित तिथि 05 अप्रैल,2013 को अपरान्ह 1.00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है।

7. निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (Open) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तों में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।

8. यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नी) कार्य से सम्बन्धित वृत्त अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हों तो उसके कार्य पर नियुक्त करने का प्रतिबन्ध रहेगा।

9. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनीयर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेंगे। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहॉं सेवाएं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।

10. निविदादाता इन प्रपत्रों को Download कर सकते है। निविदाता द्वारा निविदा शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के रूप में अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर के कार्यालय में निर्धारित तिथि 03 अप्रैल,2013 को अपरान्ह 1.00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है।

11. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित हैं। अतः पीडब्लयूए–100 की समस्त शर्ते मान्य होंगी।

12. संवेदक द्वारा उक्त कार्यो के लिये निर्धारित मशीनरी जो निविदा की स्पेशल कंडीशन में वर्णित है, को स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण पत्र देना होगा।

13. निविदा शुल्क निम्नानुसार निर्धारित है :–

14. वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ.1 (1)एफ.डी./जी.एफ.एण्ड.ए.आर./2007 दिनांक 30.09.2012 (सर्कुलर नं0 19/2011) के अनुसार ~~50.00 लाख~~ रूपये तक की राशि के कार्यो के लिए 500/– व 50.00 लाख रूपये से अधिक राशि के कार्यो के लिए 1000/– रूपये की राशि निविदा शुल्क के अतिरिक्त देनी होगी जो डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक के रूप में देय होगी। यह डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.आई.एस.एल. के पक्ष में व जयपुर में भुगतान योग्य होना चाहिये।

15. कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि शामिल है। कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात् तीन वर्ष तक रहेगा।

16. ई–टेन्डरिंग के लिये निविदादाता हेतु निर्देश

अ. इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्रों को इन्टरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड (Download) कर सकते हैं।

ब. निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाईन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नालॉजी एक्ट–2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रानिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टीफिकेट सी सी ए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजीटल सर्टीफिकेट है, नया डिजिटल सर्टीफिकेट लेने की आवश्यक्ता नहीं है।

स. निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फॉर्मेट मे उपरोक्त वेबसाईट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होंगे उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।

द. ऑन लाईन निविदायें निर्धारित दिनांक एवं समय पर खोली जावेंगी।

य. इलेक्ट्रानिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रों से संबधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न कर दी गयी है।

र. कोई भी निविदा इलेक्ट्रानिकली जमा कराने मे किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।

ल. निविदा के प्रपत्र में आवश्यक सभी सूचियों को सम्पूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

15. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्रों के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि तथा आर.आई.एस.एल. के पक्ष में देय शुल्क के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक के साथ राजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं बिक्री कर चुकता का प्रमाण पत्र की प्रतियां वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना आवश्यक है तथा उक्त दस्तावेज की भौतिक प्रतियां आवश्यक रूप से निविदा शुल्क व धरोहर राशि एवं आर.आई.एस.एल. के पक्ष में देय शुल्क के साथ जमा कराना होगा।

यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सारी निविदाऐं नहीं खोली जा सकती हैं। तो उसके अगले कार्य दिवस में शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर